प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022-22660502

8 फरवरी 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने बाज़ार कारोबार का समय बढ़ाया

परिचालन संबंधी अव्यवस्थाओं और कोविड-19 द्वारा उत्पन्न स्वास्थ्य जोखिमों के ऊंचे स्तर के मद्देनज़र 7 अप्रैल 2020 से भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित विभिन्न बाज़ारों के लिए कारोबार समय को संशोधित किया गया था। 9 नवंबर 2020 से बाज़ार के कारोबार समय की बहाली को चरणबद्ध तरीके शुरू किया गया था और तब से मांग/ सूचना/ मियादी मुद्रा, सरकारी प्रतिभूतियों में बाज़ार रेपो और त्रि-पक्षीय रेपो, वाणिज्यिक पत्रों, जमा प्रमाणपत्रों और मान्यताप्राप्त शेयर बाज़ारों के बाहर व्यापारित रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव के लिए बाजार के कारोबार समय को महामारी पूर्व समय पर बहाल किया जा चुका है।

अब यह निर्णय लिया गया है कि सरकारी प्रतिभूतियों के लिए बाजार के कारोबार समय को पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे तक से पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक बहाल किया जाए। तदनुसार, सोमवार, 13 फरवरी 2023 से, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित बाजारों के लिए संशोधित कारोबार समय निम्नानुसार होगा:

बाज़ार	13 फरवरी 2023 से प्रभावी समय
मांग/ सूचना/ मियादी मुद्रा	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे
सरकारी प्रतिभूतियों में बाज़ार रेपो	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 2:30 बजे
सरकारी प्रतिभूतियों में त्रि-पक्षीय रेपो	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे
वाणिज्यिक पत्र और जमा प्रमाणपत्र	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे
कॉरपोरेट बॉण्ड में रेपो	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे
सरकारी प्रतिभूतियां (केंद्र सरकार की प्रतिभूतियां, राज्य विकास ऋण और खजाना बिल)	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे
विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव सहित विदेशी मुद्रा (एफ़सीवाई)/भारतीय रुपया (आईएनआर) व्यापार*	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे
रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव*	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे
*: मान्यता प्राप्त शेयर बाज़ारों पर व्यापारित होने वालों के अलावा	

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1682